# अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बीकानेर की कार्य परिषद की द्वितीय बैठक दिनांक 5.11.2004 का कार्यवृत्त।

एजेण्डा आईटम संख्या – 1

वित्तीय वर्ष 2004–2005 के लिए संस्था के लिए बजट अनुमानों को अंतिम रूप प्रदान करना तथा स्वीकृत करना।

कार्य परिषद में वर्ष 2004–2005 के बजट प्रस्तावों पर मद वार विमर्श किया गया तथा निम्न संशोधनो के साथ स्वीकृति प्रदान की गई :–

1 वर्ष 2004–2005 में आयोजना मद में राज्य सरकार से अनुदान हेतु प्रावधित 30.50 लाख रूपये की राशि की प्रथम किश्त हेतु शीघ्र प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किये जावेगें।

2 कार्यालय फर्नीचर मद में प्रावधित राशि 10.00 लाख संस्थान में सेमीनार/ कान्फ्रेंस कक्ष विकसित करने हेतु स्वीकृत किया गया।

3 संस्थान द्वारा दो बैक खाते संचालित किये जा रहे है, जिनमें से एक खाता सोसायटी कोष तथा दूसरा खाता नॉन–सोसायटी के नाम से संचालित किया जाता हैं । इन दोनों खातों को merge करते हुए एक ही बैक खाता संधारित करने हेतु निर्णय लिया गया।

4 निर्धन छात्रों व compasionate आधार पर फीस इत्यादि वापस करने के मामलों में सहायता प्रदान करने हेतु अलग से कोष की स्थापना की जा कर सहायता प्रदान करने के मापदण्ड प प्रकिया का अनुमोदन कराया जा कर इस योजना अनुसार प्राप्त प्रार्थना पत्रों व विचार कर निर्णय लिया जावे।

5 संस्थान में ट्रांसफार्मर तथा डी.जी.सैट क्रय किये जाने का प्रस्ताव अस्वीकृत करते हुए इस हेतु प्रावधित 10.00 लाख रूपये की राशि को प्रयोगशालाओं को विकसित करने तथा पुस्तकालय सुविधाओं के विकास हेतु स्वीकृत किया गया। विद्युत प्रसारण एवं नियामक निगम द्वारा ट्रांफार्मर स्थापित करने की मांग होने पर इस हेतु प्रस्ताव तैयार कर कार्य परिषद के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

6 अध्यक्ष महोदय ने 37 एयरकण्डीशनर बिना बजट अनुमोदन के क्रय करने को गम्भीर अनियमितता मानते हुये निर्देश दिये कि एयरकण्डीशनर की आवश्यकता की समीक्षा आवर्तक व्यय को दृष्टिगत् रखते हुए की जाये तथा न्यूनतम आवश्यक एयरकण्डीशनर ही स्थापित किये जाये। इस हेतु पूर्ण सूचना पत्रावली पर प्रस्तुत की जावे।

एजेण्डा आईटम संख्या – 2

प्राचार्य के पद पर नियमित चयन हेतु चयन समिति का गठन :

प्राचार्य अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बीकानेर के पद पर नियमित चयन हेतु निम्नानुसार चयन समिति का गठन किया गया :–

| क्र.सं. | पद नाम | समिति |
|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष, कार्य परिषद | अध्यक्ष |
| 2 | निदेशक, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर | सदस्य |
| 3 | निदेशक, एल.एन.एम. इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलोजी, जयपुर | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | अधिष्ठाता, एम.बी.एम. इंजीनियरिंग कॉलेज, जोधपुर | सदस्य |
| 5 | अधिष्ठाता, कॉलेज फॉर टेक्नोजोजी एण्ड एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, उदयपुर | सदस्य |
| 6 | अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मनोनीत विशेषज्ञ | सदस्य |

एजेण्डा आईटम संख्या – 3

अभियांत्रिकी महावविद्यालय, बीकानेर के भवन निर्माण हेतु राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लि. के साथ हस्ताक्षरित किये जाने वाले सहमति पत्र (M.O.U.) के प्रारूप को अंतिम रूप प्रदान करना।

कार्य परिषद में संस्थान के भवन निर्माण हेतु अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर द्वारा भवन निर्माण के लिए राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लि. के साथ हस्ताक्षरित करने वाले सहमति पत्र (M.O.U.) के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान की गई।

अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा निर्मित भवन के संबंध में संशोधित मानदण्ड जारी किये हैं, अतः संशोधित मानदण्डों के परिपेक्ष्य में निर्मित भवन की आश्यकता की समीक्षा करते हुए प्रस्ताव तैयार किये जाये। अध्यक्ष महोदय ने यह भी निर्देश दिये हैं कि नगर सुधार न्यास द्वारा सम्पादित कार्यो की valuation करा ली जाये तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये। निर्मित भवन का valuation आर्कीटिक्ट से करा लिया जाये व RSRDC Ltd. से भी स्वतंत्र रूप से valuation करा कर रिपोर्ट ली जायें। UIT द्वारा किये गये निर्माण कार्यो की विशेष अंकेक्षण जांच हेतु भी वित्त विभाग को निवेदन किया जाये।

प्राचार्य द्वारा निर्मित भवन की जानकारी दिये जाने पर अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि भवन निर्माण का कार्य योजनाबद्ध तरीके से सम्पन्न नहीं किया गया है तथा निर्मित भवन पर किया गया व्यय उपयोगिता की दृष्टि से लाभप्रद नहीं है। अब RSRDC Ltd. से समयबद्ध ढंग से प्राथमिकताएं तय करते हुये चरणों में धन की उपलब्धता अनुसार कार्य सम्पन्न कराने की कार्यवाही की जावे ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र में नये भवन में कार्य प्रारम्भ हो सके।

एजेण्डा आईटम संख्या – 4

संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

कार्य परिषद द्वारा संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा प्रत्येक शिक्षक के सम्बन्ध में शैक्षणिक कार्य भार के विरूद्ध वास्तव में ली गई कक्षाओं का विवरण तथा अब तक पूर्ण करायी गई पाठ्यचर्या सम्बन्धी विवरण का अवलोकन किया। कार्य परिषद ने नोट किया कि अब तक पूर्ण करवायी गई पाठ्यचर्या इस सेमेस्टर में व्यतीत अवधि के सापेक्ष अनुपातिक है।

अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रत्येक त्रैमास की समाप्ति पर IIT, Delhi की फैकल्टी द्वारा आन्तरिक परीक्षा आयोजित करने की व्यवस्था की जाये।

15/11/04

एजेण्डा आईटम संख्या – 5

निर्धारित माप दण्डों के विरुद्ध आधारभूत सुविधाओं व संकाय सदस्यों की कमी तथा कमी पूर्ति हेतु धन राशि की उपलब्धता एवं कार्य योजना।

प्राचार्य द्वारा प्रयोगशाला एवं पाठ्यक्रमवार उपकरणों की उपलब्धता के सम्बन्ध में विवरण प्रस्तुत किया अध्यक्ष कार्य परिषद ने निर्देश दिये कि प्रत्येक प्रयोगशाला के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यचर्या को दृष्टिगत रखते हुये उपकरणों की एक मानक सूची तैयार की जाये तथा यह सूची अन्य अभियांत्रिकी महाविद्यालयों को भी प्रेषित की जाये ताकि उनकी फेकल्टी की राय प्राप्त की जा सके और उपकरणों की सूची को अंतिम स्वरूप प्रदान किया जा सके।

शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु निम्नानुसार चयन समिति का गठन किया गया :-

| क.सं. | पद नाम | समिति |
|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बीकानेर | अध्यक्ष |
| 2 & 3 | 2 विषय विशेषज्ञ | सदस्य |
| 4 | सम्बन्धित विभागाध्यक्ष | सदस्य |

कार्य परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी शैक्षणिक पदों पर संविदा आधार पर नियमित वेतन श्रृंखला में 3 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्तियां दी जायेगी तथा यदि अधिकारी की सेवाएं तथा उसका कार्य मूल्यांकन संतोषप्रद पाया जाता है तो सेवा अवधि में यथोचित वृद्धि की जा सकेगी किन्तु यह वृद्धि अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

कार्य परिषद को सूचित किया गया कि वित्त विभाग द्वारा सोसायटी स्सतर पर सृजित 128 पदों में से 58 पदों को भरने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। कार्य परिषद द्वारा निर्णय लिया कि वित्त विभाग से अनुमति प्राप्त 58 पदों को भरने की कार्यवाही प्रारम्भ की जाये। ताकि संस्था की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित की जा सके। कार्य परिषद द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि मंत्रालयिक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाएं एजेन्सी के मार्फत ली जायेगी तथा सहायक रजिस्ट्रार (प्रशासन) के पद को राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी से प्रतिनियुक्ति से भरा जायेगा।

एजेण्डा आईटम संख्या – 6

संस्थान की गतिविधियों के लिए एजेन्सी के माध्यम से जन शक्ति/ सेवाएं प्राप्त करने की समीक्षा :

वर्तमान में सुरक्षा कर्मी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, मंत्रालयिक कर्मचारी इत्यादि की सेवाएं संविदा आधार पर एजेन्सी के माध्यम से ली जा रही है तथा संविदा अवधि 30 नवम्बर, 2004 को समाप्त हो रही है। कार्य परिषद ने निर्यण लिय कि विभिन्न सेवाओं के लिए संस्था की आवश्यकता अनुसार नये सिरे से निविनाएं आमंत्रित की जाये तथा न्यूनतम दर पर सेवाओं के लिए आदेश प्रसारित किये जाये।

15/11/04

एजेण्डा आईटम संख्या - 7

संकाय सदस्यों की नियुक्ति हेतु प्रस्तावः

प्राचार्य अभियांत्रिकी महाविद्यलय बीकानेर ने अवगत कराया कि वर्तमान में संस्था में लगभग 1500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मानदण्ड अनुसार शैक्षणिक पदों को शीघ्र भरा जाना आवश्यक है। वित्त विभाग द्वारा 36 शैक्षणिक पदों को भरने की अनुमति दी जा चुकी है, अतः छात्रों के शैक्षणिक हितो को दृष्टिगत रखते हुये इन पदों पर शीघ्र नियुक्ति की कार्यवाही करना अपेक्षित है।

कार्य परिषद द्वारा एजेन्डा आईटम संख्या-5 के तहत लिये गये निर्णय अनुसार इन पदों को शीघ्र भरने की अनुमति प्रदान की गई।

एजेण्डा आईटम संख्या - 8

जरूरतमंद तथा गरीब छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करनाः

कृपया एजेण्डा आईटम नम्बर 1 का बिन्दु संख्या 4 देखें।

एजेण्डा आईटम संख्या - 9

अभियांत्रिकी शिक्षा को दक्षता आधारित स्वरूप प्रदान करने पर विमर्श :

कार्य परिषद ने अभियांत्रिकी शिक्षा को दक्षता आधारित स्वरूप प्रदान करने पर विमर्श किया गया। अध्यक्ष कार्य परिषद ने प्रायोगिक कार्य तथा Hands on Training के महत्व को रेखांकित करते हुये इस दिशा में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष महोदय ने स्पष्ट किया कि वर्तमान औद्योगिक परिदृष्य में अभियांत्रिकी शिक्षा में गुण्वत्ता सुनिश्चित करते हुये उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास की आवश्यता है ताकि छात्रों को उद्योगों में रोजगार एवं सफलता प्राप्त हो सके।

एजेण्डा आईटम संख्या - 10

अध्यक्ष की अनुमति से रखे जाने वाले प्रस्ताव यदि कोई हो तोः

कार्य परिषद के सदस्य-सचिव एवं प्राचार्य, अभियांत्रिकी महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से रखे जाने वाला कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया। अध्यक्ष, कार्य परिषद ने बैठक के अन्त में निर्देश दिये कि संस्था के भवन निर्माण का कार्य चरणबद्ध तरीके से पूर्ण कराने हेतु योजना तैयार की जाये तथा आवश्यक धन राशि का विवरण प्रस्तुत किया जाये। भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाये कि भवन निर्माण के कार्य हेतु प्राथमिकताएं निर्धारित करते हुये शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सर्वप्रथम निर्माण कार्य हाथ में लिया जाये तथा अधूरे काम को शीघ्रता से पूरा करते हुये उपयोग में लेने योग्य किया जाये।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक समाप्त हुई।